BSDM 26_2018_441, dt 18.06.2020 (87)

बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

595
10/08/2020

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रकाशित RFP के आलोक में प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी AELIES Enterprises Learning & Implementation Solution Pvt. Ltd. को 05 BSDC यथा BSDC अलीनगर, BSDC बेनीपुर, BSDC पारू, BSDC कल्याणपुर एवं BSDC सहदेई बुजुर्ग को कुशल युवा केन्द्र संचालित किये जाने हेतु आवंटित किया गया। कालान्तर में EONINE Infra Pvt.Ltd. के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे उक्त संस्था का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं । आवेदन पत्र के साथ संलग्न एकरारनामा के अवलोकन से स्पष्ट है कि उपरोक्त वर्णित BSDC का संचालन Franchisee mode में 15.85% के Revenue sharing किया जा रहा है।

EONINE Infra Pvt.Ltd. से प्राप्त आवेदन के आलोक में उक्त केन्द्रों के नामांकन लिये जाने पर अस्थायी रोक लगाते हुए बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–69 दिनांक–18.01.2019 के द्वारा AELIES Enterprises Learning & Implementation Solution Pvt. Ltd. से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया। तदोपरांत संस्था से पुनः संबंधित मामले में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–292 दिनांक–13.03.2020 के द्वारा स्मार पत्र निर्गत किया गया । स्मार पत्र भेजे जाने के बावजूद संस्था द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया।

संस्था के उक्त कृत से स्वतः स्पष्ट है कि स्पष्टीकरण में अंकित तथ्य संस्था को स्वीकार्य है एवं इसके संबंध में संस्था को कुछ भी नहीं कहना है।

संस्था द्वारा केन्द्र के Franchisee mode में संचालित नहीं किये जाने के संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन को शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। सभी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात यह प्रमाणित होता है कि 05 BSDC यथा BSDC अलीनगर, BSDC बेनीपुर, BSDC पारू, BSDC कल्याणपुर एवं BSDC सहदेई बुजुर्ग का संचालन संस्था के द्वारा सीधे तौर पर संचालित नहीं किया जा रहा है जो कि सीधे तौर पर शपथ पत्र में अंकित तथ्यों का उल्लंघन है। केन्द्र के इस प्रकार संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बंटवारा होता है जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। संस्था के द्वारा बिचौलिये की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए हानिकारक है। उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी AELIES Enterprises Learning & Implementation Solution Pvt. Ltd. को आवंटित 05 BSDC यथा BSDC अलीनगर, BSDC बेनीपुर, BSDC पारू, BSDC कल्याणपुर एवं BSDC सहदेई बुजुर्ग का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द किया जाता है तथा संस्था के साथ किये गये एकरारनामा को रद्द करते हुए संस्था के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में जमा की गयी सुरक्षित जमा राशि को जब्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(हस्ताक्षर) 10/8/20

(चन्द्रशेखर सिंह,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–26 / 2018 595 पटना,दिनांक– 10/08/2020

प्रतिलिपि– (1) AELIES Enterprises Learning & Implementation Solution Pvt.Ltd. / EONINE Infra Pvt.Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Yको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।